

# SHREE SURAJMAL TAPARIA INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE

## JASWANTGARH (NAGAUR)

## AN ISO 9001:2008 CERTIFIED INSTITUTE

## BEST INSTITUTE IN RAJASTHAN

## RUNNING WITH 17 TRADES WITH 42 UNITS IN 3 SHIFT

"Work is Worship"

# SHREE SURAJMAL TAPARIA INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE IS A GOVT. INSTITUE, RUNNING BY SHREE SURJAMAL TAPARIA MEMORIAL TRUST TRUST IS THE ONLY CUSTODIAN



**Shree Bajarang Lal Ji Taparia**
**Main Trustee**
Shree Surajamal Taparia
Memorial Trust

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत



**Shree V.K. Nagar**
**Director**
Shree Surajamal Taparia
Industrial Training Institute

Industrial Training Institute

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# Best Craftsman and Best Institute in

# 52th All India Skill Competition for Craftsman held in May 2016 at for

# Trade Mechanic Diesel









## Mr. Abrar Ahamed S/o Mr. Bashir Ahamed



स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर
STATE BANK OF BIKANER AND JAIPUR
"Cash Payment up to Rs. 2.00 Lac at non-home branches to the drawer only."

(11121) SHRI JASWANTGARH
HITKARINI SABHA MAIN MARKET,
JASWANTGARH TEHSIL LADNUN
-NAGAUR 341304
IFS Code: SBBJ0011121

MULTICITY CHEQUE
Payable at par at all branches of SBBJ

Date: 27122016 (D D M M Y Y Y Y)

A/c

PAY Abrar Ahamed या धारक को OR BEARER

Rupees रुपये Fifty one thousand only.

अदा करें ₹ 51,000/-

खाता सं. A/c No. 51095071540

SURAJ MAL TAPARIA MEMORIL

Prefix 1091700003

⑈968665⑈ 341003122⑆ 000292⑈ 31

# आईटीआई पास हर छात्र को नौकरी तय

लखनऊ | अखिल के. अंकुर

आईटीआई करने वाले छात्रों के लिए खुशखबरी है। सरकार ऐसी व्यवस्था करने जा रही है कि आईटीआई पास करने वाले हर छात्र को उसकी योग्यता के आधार पर नौकरी जरूर मिल जाए। इसके लिए सरकारी विभागों से लेकर निजी क्षेत्र की बड़ी कम्पनियों तक से सम्पर्क कर लिया गया है। शुरुआत में लखनऊ के आईटीआई छात्रों को इस योजना का लाभ मिलेगा और बाद में उसे दूसरे जिलों में भी लागू किया जाएगा।


प्रदेश के तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री अभिषेक मिश्र ने इस सिलसिले में सिंचाई विभाग, परिवहन निगम, निर्माण निगम, विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क किया है। राज्य मंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि वे

## खुशखबरी

- सरकारी विभागों से निजी कंपनियों तक से किया जा रहा संपर्क
- तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री अभिषेक मिश्र की पहल, प्रदेश के 13 नगर निगमों में मिलेंगे अवसर

अपने-अपने विभागों में होने वाली भर्तियों में राज्य सरकार के आईटीआई से निकले छात्रों को प्राथमिकता दें ताकि आईटीआई के छात्रों को अपने कोर्स के प्रति भरोसा बढ़ सके और यहां के युवकों को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके।

इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कई कम्पनियों से भी सम्पर्क किया गया है, इनमें से कई कम्पनियों से बात अंतिम चरण में है। ये कम्पनियां भी विभिन्न ट्रेड के छात्रों को अपने यहां नौकरी देने को तैयार हो गई है।




# सरकार देगी नौकरी की गारंटी

## स्किल डवलपमेंट से जुड़ेंगे प्रदेश के आईटीआई कॉलेज

**सीकर.** आईटीआई कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। सरकार अब आईटीआई करने वाले विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के साथ नौकरी की गारंटी भी देगी। इसके लिए प्रदेश के 1500 से अधिक राजकीय व निजी आईटीआई कॉलेजों को स्किल डवलपमेंट विभाग से जोड़ा जाएगा। इसके बाद विभाग विभिन्न निजी कंपनियों में युवाओं को रोजगार दिलवाएगा। आईटीआई व स्किल डवलपमेंट विभाग का प्रशिक्षण लेने वालों को राजकीय विभागों में होने वाली भर्तियों में भी वरीयता मिलेगी। विभाग पहले चरण में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को इस योजना में जोड़ेगा। इसके बाद निजी महाविद्यालयों को भी इस योजना से जोड़ा जाएगा। इस कार्य में लगभग चार महीने का समय लगने की उम्मीद है।

### इसलिए जोड़ा कॉलेजों को

स्किल डवलपमेंट विभाग का मानना है कि आईटीआई कॉलेजों के पास प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त टूल्स और संसाधन है। सरकार इन कॉलेजों के विद्यार्थियों के प्रशिक्षण को और मजबूत करने के लिए स्किल डवलपमेंट से जोड़ रही है। इससे विद्यार्थियों को सिलेबस की पढ़ाई के साथ रोजगार के लिए आवश्यक स्किल्स भी पढ़ाई जाएगी। ऐसे में युवाओं को नौकरी मिलने में भी आसानी रहेगी।

### सभी में रहेंगे 133 कोर्स

कौशल विकास निगम के जिला प्रबंधक चिरंजीलाल चन्देल ने बताया कि सभी आईटीआई कॉलेजों को 133 तरह के पाठ्यक्रम दिए जाएंगे।

आईटीआई कॉलेज में जिस ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उसी ट्रेड में कोर्स संचालित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि आईटीआई पाठ्यक्रम के साथ ही अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि कोर्सकी अवधि नहीं बढ़ेगी।

### इनका कहना है

सरकार अब प्रदेश के सभी कॉलेजों को स्किल डवलपमेंट से जोड़ेगी। इससे विद्यार्थियों को रोजगार की गारंटी मिल सकेगी। पहले चरण में राजकीय महाविद्यालयों से यह योजना शुरू होगी। अगले चरण में निजी महाविद्यालयों को भी जोड़ा जाएगा।

**सुरेन्द्रपाल टीटी,** खान राज्य मंत्री

### ऐसे मिलेगी नौकरी

सभी आईटीआई कॉलेजों को निजी कंपनियों से एमओयू करना होगा। कोर्स पूरा होने के बाद विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार दिलाया जाएगा।

आईटीआई की पढ़ाई की फीस विद्यार्थी स्वयं देगा। जबकि स्किल डवलपमेंट का पैसा सरकार वहन करेगी। जब विद्यार्थियों को नौकरी मिल जाएगी, उसके बाद आजीविका विकास निगम स्किल डवलपमेंट का पैसा भी महाविद्यालय को देगी। छह महीने तक सरकार कॉलेज और कंपनियों से रिपोर्ट लेगी, ताकि नौकरी के बाद युवाओं को दिक्कत नहीं रहे।

SUNDAY POSITIVE

# अब ITI स्टूडेंट को हॉस्पिटल और होटल में भी मिलेगा जॉब

## कौशल विकास विभाग करेगा होटल-अस्पताल संचालकों का पंजीयन

आईटीआई के विद्यार्थियों को अब होटल और हॉस्पिटल में भी जॉब मिलेगा। कौशल विकास विभाग इसके लिए संचालकों का पंजीयन करेगा। स्टूडेंट्स इन संस्थानों में ऑन जॉब ट्रेनिंग करेंगे। इससे प्लंबर, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल और कम्प्यूटर सीखने वाले विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

[illegible]

[illegible]

### तकनीकी कोर्स वालों को फायदा मिलेगा योजना से

[illegible]

### यह काम कर सकेंगे विद्यार्थी

[illegible]



### पोर्टल पर अपलोड कर देंगे जानकारी

[illegible]

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्किल इंडिया' मिशन की शुरुआत की

# आईटीआई जरूरी है आईआईटी नहीं

नई दिल्ली | हिटी

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कौशल विकास के लिए 'स्किल इंडिया' मिशन की शुरुआत की। मोदी ने कहा, 'इस सदी की जरूरत आईआईटी नहीं, आईटीआई है। आईआईटी ने पिछली सदी में वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई, इस सदी में यही काम करने की बारी आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों) की है।'

मोदी ने कहा, 'अगर देश के लोगों को कौशल का प्रशिक्षण देकर निखारा जाता है तो भारत पूरी दुनिया को 4 से 5 करोड़ कार्यबल मुहैया करा सकता है। जैसे चीन मैन्युफैक्चरिंग का हब बन गया है, वैसे ही हमें मानव संसाधन के हब के रूप में उभरना चाहिए।'

बकौल पीएम हमारे पास अपार क्षमता है और सदियों पहले पूरी दुनिया इसे मान चुकी है। हम हुनर को भूल गए हैं। हमें उसे फिर से हासिल करना है। हमें अगले 10 साल के लिये योजना बनाने की जरूरत है। देश में बेरोजगारी और गरीबी का कोई कारण नहीं है। सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता रोजगार पैदा करना है।



### गरीबी के खिलाफ जंग

हमने गरीबी के खिलाफ जंग छेड़ी है। हमें यह युद्ध जीतना है। हमें गरीबों की सेना बनानी है। हर गरीब मेरा सैनिक है। - नरेंद्र मोदी

### श्रम बल को ताकतवर बनाने की जरूरत : जेटली

भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में आकर्षक स्थान बताते हुए वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा है कि सरकार के मेक इन इंडिया अभियान की मदद से विनिर्माण क्षेत्र में सुधार के संकेत दिख रहे हैं।

**40** करोड़ लोगों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य 2022 तक

**15** सौ करोड़ रुपये खर्च होंगे स्किल इंडिया मिशन में

**34** लाख युवाओं को अगले पांच साल में कौशल विकास कार्यक्रमों में हिस्सा लेने पर **5** हजार से **1.5** लाख रुपये तक इनाम दिए जाएंगे

**24** लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है अगले एक साल के भीतर प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत

### काम नहीं, कौशल की कमी

मोदी ने कहा, 'मोबाइल चलाना सिखाएं, विदेशी भाषा जानकर गाइड बन जाएं, हजारों कुशल ड्राइवरों की जरूरत है।'

**11.92** करोड़ दक्ष युवाओं की जरूरत 2022 तक होगी 24 सेक्टरों में

**75 %** भारतीय कंपनियां तकनीक से लैस कामगारों की कमी से जूझ रहीं

# दसवीं के बाद आईटीआई को माना जाएगा 12वीं पास

## विद्यार्थियों को केंद्र सरकार ने दी बड़ी राहत

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

दसवीं के बाद इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई) से दो साल की ट्रेनिंग लेने वाले छात्रों को 12वीं पास माना जाएगा और ग्रेजुएशन की पढ़ाई के लिए वे दाखिला ले सकेंगे। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि देशभर में फैले 13 हजार आईटीआई से हर साल 18 लाख बच्चे पास हो रहे हैं। अब तक आईटीआई पास करने के बाद छात्रों के पास आगे की पढ़ाई करने की कम गुंजाइश रहती थी।



### मिलेगा आगे पढ़ाई करने का मौका

रूडी ने कहा कि सरकार ने आईटीआई से वोकेशनल ट्रेनिंग लेने वाले छात्रों को आगे की पढ़ाई का मौका देने का काम किया है। इसके लिए 8वीं क्लास के बाद आईटीआई करने वाले छात्रों को 10वीं पास मानने और दसवीं के बाद आईटीआई करने वाले छात्रों को 12वीं पास मानने का फैसला किया गया है। उन्होंने इसे क्रांतिकारी कदम बताया। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, इस व्यवस्था के तहत छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए एक विषय के रूप में भाषा की परीक्षा पास करनी होगी।

# अब ITI के हर छात्र को नौकरी तय



आईटीआई पास हर छात्र को नौकरी तय

बीटेक-एमबीए नहीं, रेलवे को चाहिए आइटीआइ पास

सरकारी बिजली कंपनियों में 9 हजार पदों पर भर्ती होगी

आईटीआई जरूरी है आईआईटी नहीं

अब ITI स्टूडेंट को हॉस्पिटल और होटल में भी मिलेगा

# डिग्री-डिप्लोमा वाले नहीं बनेंगे रेलवे टेक्नीशियन

इलाहाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

इंजीनियरिंग की डिग्री या डिप्लोमा लेने वाले रेलवे के टेक्नीशियन पदों की सीधी भर्ती में शामिल नहीं हो सकेंगे। संकेत एवं दूर संचार विभाग के 1900 ग्रेड पे वाले टेक्नीशियन पदों की भर्ती के लिए पात्रता के नियम बदल दिए गए हैं। रेलवे बोर्ड ने इसके लिए सिर्फ दसवीं पास के साथ आईटीआई या भौतिक, रसायन और गणित के साथ इंटर पास लोगों को ही पात्रता देना तय है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

रेलवे में बड़ी संख्या में विभिन्न पदों पर भर्ती निकाली गई है। इसमें संकेत एवं दूर संचार विभाग के तकनीशियन पदों की भर्ती भी शामिल है। इस पद के लिए अब भर्ती के नियम बदल दिए गए हैं। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक स्थापना (एन) रवि शेखर ने रेलवे भर्ती बोर्ड को आदेश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि टेक्नीशियन पदों के लिए दसवीं पास के साथ इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक, इलेक्ट्रिकल फिटर और वायरमैन ट्रेड में आईटीआई करने वाले ही पात्र होंगे। इसके साथ ही भौतिक, रसायन और गणित विषय के साथ 12वीं पास लोग भी पात्र बनेंगे। रेलवे अफसरों का कहना है कि इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा लेने वाले विभाग के टेक्नीशियन पद का मेहनतभरा काम नहीं कर पा रहे। पूर्व की भर्ती में चुने गए कई लोग नौकरी छोड़ गए। ऐसे में पद खाली रह जाने से यह निर्णय लिया गया।

### नियम बदले

- बीटेक वाले एस एंड टी की सीधी भर्ती में नहीं हो सकेंगे शामिल
- आईटीआई या भौतिक, रसायन व गणित से इंटर करने वाले ही पात्र

# सरकारी बिजली कंपनियों में 9 हजार पदों पर भर्ती होगी

## 2 हजार जेईएन-6 हजार तकनीकी पद भरे जाएंगे

सिटी रिपोर्टर. जयपुर



प्रदेश की पांचों बिजली कंपनियों में 9 हजार इंजीनियरों व कर्मचारियों की भर्ती होगी। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के बाद बिजली कंपनियों के प्रबंधन ने संबंधित विभागों से कैडर स्ट्रेंथ के हिसाब से प्रस्ताव मांगे है। बिजली कंपनियों में करीब 2 हजार जेईएन व एईएन की भर्ती होगी।

लेखा विंग में लेखाकार, लेखाधिकारी सहित अन्य पदों पर एक हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार देने की प्लानिंग है। वहीं 6 हजार पद तकनीकी व मंत्रालयिक कर्मचारियों के होंगे। बिजली वितरण कंपनियों के सबडिवीजनों में टेक्निकल व मंत्रालयिक कर्मचारियों की कमी है। ऐसे में उपभोक्ता सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। ऐसे में ज्यादातर काम ठेके पर दे रखे है। बिजली कंपनियों में पिछले दिनों नए सबडिवीजन भी बने, लेकिन वहां पर नियमों के अनुसार स्टाफ ही नहीं है।

## शिक्षा

# 9 से 12वीं तक के बच्चे टीचर से निर्देश लेने स्कूल जा सकेंगे

- स्कूल, कॉलेज, कोचिंग इंस्टीट्यूट 30 सितंबर तक बंद ही रहेंगे।
- ऑनलाइन/दूरस्थ शिक्षा पहले की तरह जारी रखी जा सकेगी।
- कंटेनमेंट जोन के बाहर के स्कूल 50% टीचिंग-नॉनटीचिंग स्टाफ को बुला सकेंगे। इसके लिए बाद में अलग से एसओपी जारी होगा।
- 9 से 12वीं कक्षा तक के बच्चे अभिभावकों की लिखित अनुमति लेकर स्कूल में टीचर से निर्देश लेने जा सकेंगे। यह स्वैच्छिक होगा।
- नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और आईटीआई में ट्रेनिंग हो सकेगी।
- पीएचडी, टेक्निकल और प्रोफेशनल पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट लैबोरेटरी से जुड़े कामों के लिए कॉलेज-यूनिवर्सिटी में जा सकेंगे।

# बीटेक–एमबीए नहीं, रेलवे को चाहिए आइटीआइ पास

## रेलवे बोर्ड ने गैंगमैन की भर्ती के लिए शैक्षिक योग्यता में किया बदलाव

निशांत यादव • लखनऊ

पांच किलो का हथौड़ा लेकर पटरियों की पेट्रोलिंग और मरम्मत करने वाले गैंगमैनों में अब बीटेक और एमबीए जैसे अभ्यर्थियों से रेलवे परहेज करेगा। विभाग अब आइटीआइ पास और अप्रेंटिस प्रमाण पत्र वाले अभ्यर्थियों को गैंगमैन जैसे पदों पर भर्ती करेगा। ग्रेड पे 1800 पर सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सिग्नल व टेलीकॉम अनुभाग के पदों के लिए हाईस्कूल के साथ आइटीआइ या फिर अप्रेंटिस प्रमाण पत्र होना जरूरी होगा। यह व्यवस्था अब नई भर्तियों पर लागू होगी। इसे लेकर रेलवे बोर्ड ने आदेश जारी कर दिया है।

रेलवे में सबसे अधिक मेहनतकश इंजीनियरिंग अनुभाग के गैंगमैन और ट्रैकमैन ही होते हैं। जो भारी औजार लेकर तपती धूप और कड़कड़ाती सर्दी में पटरियों की पेट्रोलिंग करते हैं। तो वहीं पटरियों की मरम्मत से लेकर पटरी की फिटिंग तक की देखभाल करते हैं। रेलवे में इन पदों पर भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता अब तक दसवीं पास थी। जबकि आइटीआइ, समकक्ष और नेशनल अप्रेंटिस सर्टिफिकेट की योग्यता वैकल्पिक थी। पिछले कुछ सालों में 1800 ग्रेड पे के गैंगमैन के पदों के लिए दसवीं पास की जगह बीटेक, एमटेक, एमबीए सहित कई तरह की उच्च व्यावसायिक शिक्षा हासिल करने वाले अभ्यर्थियों ने भी आवेदन किया था। रेलवे में चयन होने के बाद जब इन उच्च शिक्षित कर्मचारियों को भारी औजार देकर काम पर भेजा गया तो उन्होंने काम करने से ही मना कर दिया। मंडल में ऐसे कर्मचारियों की संख्या दर्जनों में है जो पिछले कई महीने से काम पर नहीं आ रहे हैं।

इसका असर उन कर्मचारियों पर पड़ रहा है जो मौजूदा वक्त में काम कर रहे हैं। उधर लखनऊ रेल मंडल देश भर में गैंगमैन और ट्रैक मैन के डेढ़ लाख से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं।

### नई व्यवस्था

- मांगे थे कई जोनल की ओर से पटरी मरम्मत बेहतर करने के उपाय
- उच्च शिक्षित कर्मचारी भारी औजार उठाने से कर देते हैं मना



### यह पड़ेगा असर

आइटीआइ पास अभ्यर्थी का अनुभव पटरियों की मरम्मत के लिए उपयोगी साबित होगा। साथ ही इस योग्यता के चलते काम छोड़कर अनुपस्थित रहने के मामले भी कम आएंगे।

### अब से यह होगी व्यवस्था

रेलवे बोर्ड के निदेशक अवस्थापना नीरज कुमार ने अपने आदेश में कहा है कि रेलवे के सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सिग्नल व टेलीकॉम अनुभाग में 1800 ग्रेड पे के पदों के लिए दो तरह की शैक्षिक योग्यता होगी। एक या तो अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता नेशनल अप्रेंटिस सर्टिफिकेट के साथ हाइस्कूल पास होगी। जबकि अप्रेंटिसशिप न होने पर उनको हाईस्कूल के साथ आइटीआइ पास होना अनिवार्य होगा।

# Shri Surajmal Taparia Industrial Training Institute
# Jaswantgarh , Nagaur (Rajasthan)

## आईटीआई करने वाले 10वीं पास युवाओं को अब माना जाएगा 12वीं उत्तीर्ण, कॉलेज में सीधे ले सकेंगे दाखिला

**अब 10वीं के बाद आईटीआई करने वाले युवाओं को कक्षा 12वीं की पढ़ाई नहीं करनी होगी। यानि कि उन्हें 12वीं पास माना जाएगा और ये आईटीआई करने वाले छात्र सीधा कॉलेज में दाखिला ले सकते हैं।**

केंद्र सरकार ने वर्ष 2015 से आदेश जारी कर दिए है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग अनुसार आईटीआई पास करने वाले विद्यार्थियों को अब 10वीं व 12वीं कक्षा के समकक्ष मान्यता दिए जाने की मंजूरी दे दी गई है। आईटीआई के कोर्स के साथ उन्हें 10वीं व 12वीं कक्षा का भी प्रमाणपत्र मिल सकेगा। इससे आईटीआई करने वाले विद्यार्थियों को अब अलग से 10वीं व 12वीं कक्षा की पढ़ाई करने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

स्पीड पोस्ट

राजस्थान सरकार
**प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर**
W-6 ,गौरव पथ, रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर (राज.) फोन 0291-2432290/2434272 फैक्स न0 2632329
Visit us: www.dte.rajasthan.gov.in e-mail : dte.trg.raj@gmail.com

क्रमांकः प.सं.7(11)/प्रवेश/प्र–1/1001/2015–16/20734 दिनांकः– 30/11/2015

प्रधानाचार्य/अधीक्षक
राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त।

विषयः–आई.टी.आई प्रशिक्षण एवं मुख्यधारा की शिक्षा के मध्य समकक्षता बाबत।
संदर्भः–शिक्षा विभाग के आदेश दिनांक 04.05.2015 एवं 12.10.2015 तथा शासन सचिव, कौशल रोजगार एवं उद्यमिता विभाग राज.जयपुर के पत्रांक 166 दिनांक 16.10.2015

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य सरकार द्वारा कौशल प्रशिक्षण को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने के क्रम में आई.टी.आई. कार्यक्रमो को कक्षा दसवीं अथवा 12 वीं के साथ समकक्षता प्रदान करने का निर्णय लिया गया हैं।

आई.टी.आई. प्रशिक्षणार्थियों को इसकी जानकारी एवं प्रोत्साहित करने तथा इस अवसर का लाभ उठाकर अतिरिक्त स्कूल शिक्षा का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस हेतु शिक्षा विभाग द्वारा संदर्भित परिपत्र जारी किये गये है, की प्रतियॉं संलग्न कर निर्देशित किया जाता है, कि उक्त आदेशों को आई.टी.आई. भवन के अन्दर एक बोर्ड पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जावे।

शिक्षा विभाग के इन आदेशों का बिन्दुवार विवरण बुलेट पाइंट बनाकर बोर्ड पर प्रदर्शित किये जावें।

इस कार्य को प्रधानाचार्य/अधीक्षक व्यक्तिशः क्रियान्वित करेंगे तथा इसकी पालना से दिनांक 04.12.15 तक आवश्यक रूप से अपने क्षेत्रीय कार्यालय को सूचित करेगें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

भवदीय

निदेशक (प्रशिक्षण)

क्रमांकः प.सं.7(11)/प्रवेश/प्र–1/1001/ 2015–16/सम्संख्यक, दिनांकः– 30/11/2015

प्रतिलिपिः–उपनिदेशक क्षेत्रीय कार्यालय, प्राविधिक शिक्षा, अजमेर/बीकानेर/जयपुर/जोधपुर/उदयपुर व कोटा को भेजकर लेख है कि अपने स्तर पर इस कार्य की पालना सुनिश्चित करवा कर संकलित सूचना निदेशालय को दिनांक 10.12.2015 तक आवश्यक रूप से भिजवावे, ताकि राज्य सरकार को अवगत करवाया जा सकें।

उप निदेशक (प्रशिक्षण)

कौशल प्रशिक्षण के संबलन के लिए तथा कौशल प्रशिक्षण एवं उच्चतर शिक्षा के मध्य अन्तराल को मिटाने के लिए राज्य सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के साथ निम्नानुसार समकक्षता प्रदान करने का निर्णय लिया है:–

| ➢ कक्षा 10 की समकक्षता हेतुः– | ➢ कक्षा–12 की समकक्षता हेतुः– |
| --- | --- |
| • कक्षा–आठवीं उत्तीर्ण करने के पश्चात दो या दो से अधिक वर्ष का नेशनल काउन्सिल फॉर वैकेशनल ट्रेनिंग (NCVT) से मान्यता प्राप्त कोर्स में प्रवेश लेने तथा उक्त कोर्स का प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लेने के पश्चात् विद्यार्थी यदि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान/राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर से कक्षा 10 के लिये निर्धारित कोर्स अनुसार **अंग्रेजी व हिन्दी** विषय की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते है तो उन्हें आगे की शिक्षा में प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण के समकक्ष माना जायेगा।<br>• उपरोक्त दोनों विषय हिन्दी व अंग्रेजी की परीक्षा तथा आईटीआई की परीक्षा सम्मिलित रूप से उत्तीर्ण करने के उपरान्त ही कक्षा–10वीं के समकक्ष उत्तीर्ण माना जायेगा। यह समकक्षता उसी स्थिति में देय होगी जब हिन्दी व अंग्रेजी की परीक्षा एक ही वर्ष में तथा आईटीआई के उत्तीर्ण वर्ष के साथ अथवा उसके बाद उत्तीर्ण की है।<br>• आठवीं परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात (NCVT) नेशनल काउन्सिल फॉर वैकेशनल ट्रेनिंग के दो या दो अधिक वर्षो की मान्यता प्राप्त कोर्स उत्तीर्ण (आदेशों के पूर्व एवं पश्चात्) कर चुके विद्यार्थी, दसवीं की समकक्षता, हिन्दी व अंग्रेजी की परीक्षा राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल से उत्तीर्ण करने पर प्राप्त कर सकेंगे। | • कक्षा दसवीं उत्तीर्ण होने के पश्चात् दो या दो से अधिक वर्ष का नेशनल काउन्सिल फॉर वैकेशनल ट्रेनिंग (NCVT) से मान्यता प्राप्त कोर्स में प्रवेश लेने तथा उक्त कोर्स का प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लेने के पश्चात् विद्यार्थी यदि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान/राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर से बारहवीं के लिये निर्धारित कोर्स अनुसार अंग्रेजी विषय की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते है तो उन्हें आगे की शिक्षा में प्रवेश में प्रवेश हेतु बारहवीं उत्तीर्ण के समकक्ष माना जायेगा।<br>• यह समकक्षता उसी स्थिति में देय होगी जब अंग्रेजी व आईटीआई की परीक्षा के साथ एक ही वर्ष में उत्तीर्ण की हो। अथवा अंग्रेजी की परीक्षा आईटीआई करने के पश्चात उत्तीर्ण की हो।<br>• दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् (NCVT) नेशनल काउन्सिल फॉर वैकेशनल ट्रेनिंग के दो या दो अधिक वर्षो का मान्यता प्राप्त कोर्स उत्तीर्ण (आदेशों के पूर्व/पश्चात्) कर चुके विद्यार्थी, बारहवीं की समकक्षता, हिन्दी व अंग्रेजी की परीक्षा राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल से उत्तीर्ण करने पर प्राप्त कर सकेंगे।<br>• **संकाय निर्धारणः–** सभी उक्त बिन्दुओं में वर्णित बारहवीं की समकक्षता प्राप्त करने पर विद्यार्थी को विज्ञान संकाय का विद्यार्थी माना जायेगा। |

3. संकाय निर्धारण :—बिन्दु संख्या 2 के सभी उक्त बिन्दुओं में वर्णित बारहवीं की समकक्षता प्राप्त करने पर विद्यार्थी को विज्ञान संकाय का विद्यार्थी माना जायेगा।

(अशोक कुमार गुप्ता)
वरिष्ठ उप शासन सचिव

प्रतिलिपि:— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. सचिव, मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय संस्कृत एवं उच्च शिक्षामंत्री राजस्थान।
3. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्यमंत्री, राजस्थान।
4. निजी सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान।
5. निजी सचिव, सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार,नई दिल्ली।
6. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
7. निजी सचिव, शासन सचिव, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान।
8. निजी सचिव, शासन सचिव, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान।
9. निजी सचिव, शासन सचिव, श्रम एवं रोजगार विभाग, राजस्थान।
10. प्रबंध निदेशक, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, जयपुर।
11. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
12. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान,बीकानेर।
13. निदेशक, तकनीकी शिक्षा, जोधपुर।
14. निदेशक, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान,जयपुर।
15. सचिव, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर/सचिव, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर द्वारा दसवीं व बारहवीं की समकक्षता प्रदान करने हेतु विद्यार्थी के आवेदन करने की प्रक्रिया, फीस, परीक्षा आयोजन, मूल्यांकन प्रमाण पत्र तथा प्रमाणीकरण आदि के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये जायेंगे। उक्त जारी दिशा निर्देशों की प्रति निदेशक, तकनीकी शिक्षा/निदेशक प्रशिक्षण (आईटीआई) राजस्थान जोधपुर को भी प्रेषित की जावें।
16. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप—2) विभाग, राजस्थान।
17. अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्, जयपुर।
18. उप शासन सचिव, शिक्षा(ग्रुप—1) विभाग, राजस्थान।
19. उप शासन सचिव, शिक्षा(ग्रुप—6) विभाग, राजस्थान।

वरिष्ठ उप शासन सचिव

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

क्रमांक : मा.शि.बो./एसीए/2016/8070 दिनांक 14-3-16

**संशोधित कार्यालय आदेश**

राज्य सरकार के आदेश क्रमांक : पं. 3 (2) शिक्षा–6/2015 दिनांक 04.05.2015 के क्रम में राज्य सरकार द्वारा जारी समसंख्यक पत्रांक दिनांक 12.10.2015 एवं इसके क्रम में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् के पत्रांक रा.मा.शि.पं./जय/V.E. GOR/2015–16/17512 दिनांक 04.12.15 द्वारा किए गए स्पष्टीकरण के अनुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) तथा पॉलीटेकनिक कॉलेज से दो या दो से अधिक वर्षों में मान्यता प्राप्त कोर्सेज में प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा में सम्मिलित करने, संकाय तथा प्रभावी निर्धारण हेतु बोर्ड द्वारा जारी कार्यालय आदेश क्रमांक : ए.सी.ए./मा.शि.बो./2015/2979 दिनांक 03.06.2015 में आंशिक संशोधित व्यवस्था निम्नानुसार की जाती है :–

1. कक्षा–10 की समकक्षता हेतु –
   (i) कक्षा– आठवीं उत्तीर्ण करने के पश्चात् दो या दो से अधिक वर्ष का नेशनल काउन्सिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (NCVT) से मान्यता प्राप्त कोर्स में प्रवेश लेने तथा उक्त कोर्स का प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लेने के पश्चात् विद्यार्थी यदि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान/राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर से कक्षा–10 के लिए निर्धारित कोर्स अनुसार अंग्रेजी व हिन्दी विषय की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते हैं तो उन्हें आगे की शिक्षा में प्रवेश हेतु 10 वीं उत्तीर्ण के समकक्ष माना जायेगा।
   (ii) उपरोक्त दोनों विषय हिन्दी व अंग्रेजी की परीक्षा तथा आईटीआई की परीक्षा सम्मिलित रूप से उत्तीर्ण करने के उपरान्त ही कक्षा–10वीं के समकक्ष उत्तीर्ण माना जाएगा। यह समकक्षता उसी स्थिति में देय होगी जब हिन्दी व अंग्रेजी की परीक्षा एक ही वर्ष में तथा आईटीआई के उत्तीर्ण वर्ष के साथ अथवा उसके बाद उत्तीर्ण की है।
   (iii) आठवीं परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् (NCVT) नेशनल काउन्सिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग के दो या दो से अधिक वर्षों का मान्यता प्राप्त कोर्स उत्तीर्ण (आदेशों के पूर्व एवं पश्चात्) कर चुके विद्यार्थी दसवीं की समकक्षता, हिन्दी व अंग्रेजी की परीक्षा राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल से उत्तीर्ण करने पर प्राप्त कर सकेंगे।
   (iv) उपर्युक्त वर्णित बिन्दु सं. (i) से (iii) द्वारा उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को मा.शि.बो. राजस्थान, अजमेर की उच्च माध्यमिक स्तर की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन करने पर बोर्ड कार्यालय से सशुल्क पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर आवेदन पत्र में शामिल करना होगा।
2. कक्षा–12 की समकक्षता हेतु –
   (i) कक्षा–दसवीं उत्तीर्ण होने के पश्चात् दो या दो से अधिक वर्ष का नेशनल काउन्सिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (NCVT) से मान्यता प्राप्त कोर्स में प्रवेश लेने तथा उक्त कोर्स का प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लेने के पश्चात् विद्यार्थी यदि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान/राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर से बारहवीं के लिये निर्धारित कोर्स के अनुसार अंग्रेजी विषय की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते हैं तो उन्हें आगे की शिक्षा में प्रवेश हेतु बारहवीं उत्तीर्ण के समकक्ष माना जावेगा।
   (ii) यह समकक्षता उसी स्थिति में देय होगी जब अंग्रेजी व आईटीआई की परीक्षा के साथ एक ही वर्ष में उत्तीर्ण की हो अथवा अंग्रेजी की परीक्षा आईटीआई करने के पश्चात् उत्तीर्ण ...

(iii) दसवी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् नेशनल काउन्सिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (NCVT) के दो या दो से अधिक वर्षों का मान्यता प्राप्त कोर्स उत्तीर्ण (आदेशों से पूर्व / पश्चात्) कर चुके विद्यार्थी बारहवी की समकक्षता अंग्रेजी की परीक्षा राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल से उत्तीर्ण करने पर प्राप्त कर सकेंगे।

(iv) दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् तथा किसी मान्यता प्राप्त पॉलीटेक्नीक कॉलेज से तीन वर्ष का ऑल इण्डिया काउन्सिल फोर टैक्नीकल एजूकेशन (AICTE) से मान्यता प्राप्त कोर्स उत्तीर्ण करने पर उन्हें आगे शिक्षा में प्रवेश हेतु कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण के समकक्ष माना जायेगा।

(v) उपरोक्त बिन्दु सं. (i) से (iv) में वर्णित परीक्षार्थियों को उच्च अध्ययन हेतु विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए बोर्ड कार्यालय से समकक्षता प्रमाण–पत्र सशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

3. संकाय निर्धारण :– बिन्दु संख्या 2 के सभी उप बिन्दुओं में वर्णित बारहवीं की समकक्षता प्राप्त करने पर विद्यार्थी को विज्ञान संकाय का विद्यार्थी माना जाएगा।

(मेघना चौधरी)
सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :– 8071–80

1. शासन सचिव, शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान।
2. निदेशक, तकनीकी शिक्षा, जोधपुर।
3. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
4. वरिष्ठ शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग राजस्थान।
5. सचिव, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर
6. अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद, जयपुर।
7. समस्त उप निदेशक (माध्यमिक) एवं जि.शि.अ. (माध्यमिक)।
8. समस्त अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
9. रक्षित पत्रावली।
10. बोर्ड की वेबसाइट www.rajeduboard.nic.in


सचिव

# Computer Operator and Programming Assistant



Secondary (10th) passed student can get admission, Duration: One Year full time. In this Trade Trainees know about Computer Software (C, C++, FoxPro), Operating System (Windows, Linux), MS Office, Tally, HTML, & Web Designing. After Completion of this course trainees get job as computer operator in Govt. Sector / Private Sector, Railway, PWD, PHED and multinational companies through campus Interview.

# Draughtsman (Civil)



Secondary (10$^{th}$) passed student can get admission, Duration: Two Year full time. In this Trade Trainees know about Civil Engineering Drawing (Building Drawing, Site Plan) and about Auto CAD Software, After Completion of this course trainees get job as Draughtsman in Govt. Sector / Private Sector, Railway, PWD, PHED and multinational companies through campus Interview.



# Electrician

Most Popular Trade Secondary (10$^{th}$) passed student can get admission, Duration: Two Year full time. In this Trade Trainees get knowledge of electrical theory & Practical like industrial and domestic electric wiring, fabrication and repairing of electrical control panel, rewinding of ac / dc motor, After Completion of this course trainees get job as Electrician in Govt. Sector / Private Sector, Railway, PWD, PHED and multinational companies through campus Interview.



Wireman

Most Popular Trade Secondary (8h) passed student can get admission, Duration: Two Year full time. In this Trade Trainees get knowledge of electrical theory & Practical like industrial and domestic electric wiring, fabrication and repairing of electrical control panel, rewinding of ac / dc motor, After Completion of this course trainees get job as Wireman in Govt. Sector / Private Sector, Railway, PWD, PHED and multinational companies through campus Interview.

# Mechanic Refrigeration & Air Conditioning




Most Popular Trade Secondary (10$^{h}$) passed student can get admission, Duration: Two Year full time. In this Trade Trainees get knowledge of Refrigeration theory & Practical like all kind AC & Refrigeration Technician , After Completion of this course trainees get job as AC & Refrigeration Technician in Govt. Sector / Private Sector, Railway, PWD, PHED and multinational companies through campus Interview.

# Mechanic Diesel Engine



Most Popular Trade Secondary ($10^h$) passed student can get admission, Duration: One Year full time. In this Trade Trainees get knowledge of Repairing of Two & Four Stroke Diesel Engine, Stationary Engine, After Completion of this course trainees get job in Govt. Sector / Private Sector, Railway, PWD, PHED and multinational companies through campus Interview.



# Mechanic Motor Vehicle

Most Popular Trade Secondary (10$^{h}$) passed student can get admission, Duration: Two Year full time. In this Trade Trainees get knowledge of Repairing of Two & Four Stroke Diesel Engine, Stationary Engine, After Completion of this course trainees get job in Govt. Sector / Private Sector, Railway, PWD, PHED and multinational companies through campus Interview.



# Fitter

Most Popular Trade Secondary (10$^{h}$) passed student can get admission, Duration: Two Year full time. In this Trade Trainees get knowledge of Fitting and fabrication of Metallic Jobs, Operation and maintenance of lathe Machine, and CNC Machine Operating After Completion of this course trainees get job as Fitter in Govt. Sector / Private Sector, Railway, PWD, PHED and multinational companies through campus Interview.



# Instrument Mechanic

Most Popular Trade Secondary (10h) passed student can get admission, Duration: Two Year full time. In this Trade Trainees get knowledge of there trade related Practical & Theory, Operation and maintenance of Instrument, Trade related machinery and all kind of meters After  Completion of this course trainees get job as Fitter in Govt. Sector / Private Sector, Railway, PWD, PHED and multinational companies through campus Interview.



# Information & Communication Technology System Maintenance

This is newly introduced unique creative trade, Secondary (10$^{h}$) passed student can get admission, Duration: Two Year full time. In this Trade Trainees get knowledge of Electrical & Electronics, Digital Electronics, Microprocessor, Computer Hardware & Software, Networking, Internet, I.T. Tools After Completion of this course trainees get job as Fitter in Govt. Sector / Private Sector, Railway, PWD, PHED and multinational companies (Infosys, Microsoft, IBM, ACER, HCL, HP) through campus Interview.



# Plastic Processing Operator

Secondary (10$^{h}$) passed student can get admission, Duration: One Year full time. In this Trade Trainees get knowledge of their trade related Practical & Theory, Operation and maintenance of Instrument, Trade related machinery After Completion of this course trainees get job as Fitter in Govt. Sector / Private Sector, Railway, PWD, PHED and multinational companies (Infosys, Microsoft, IBM, ACER, HCL, HP) through campus Interview.



# Audio Visual Room

The I.T.I has a fully furnished and well maintained 2 Audio Visual room and has a wide collection of educational and library videopaedia. Here, our aspirants watch sundry topics through computers, CDs, Video Cassettes, OHPs, LCDs etc.





**Cricket Ground**



**Volleyball Ground**





**Badminton Court**



**Auditorium**